ISSN: 2395-7852

International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management

Volume 10, Issue 2, March 2023

INTERNATIONAL STANDARD SERIAL NUMBER INDIA

Impact Factor: 6.551

+91 9940572462 +91 9940572462 ijarasem@gmail.com www.ijarasem.com

International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management (IJARASEM)

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

वर्तमान समय में दिव्यांगों (मूक-बधिर) के पुनर्वासन की समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन

[1]दीपिका और [2]डॉ. अजय कुमार दुबे

[1]शोध छात्रा, शिक्षक शिक्षा विभाग, (बी. एड.) तिलकधारी महाविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश, भारत

[2]प्रोफ़ेसर, बी. एड. विभाग , तिलकधारी महाविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश, भारत

सार

डीडीआरएस दिव्यांग योजना विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करते हैं, जिसमें प्रारंभिक हस्तक्षेप, दैनिक जीवन कौशल का विकास और प्रशिक्षण शामिल है। शिक्षा और प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाएगा, दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना का उद्देश्य विकलांग लोगों को मुख्यधारा में शामिल करना और उनकी क्षमता को अधिकतम करना है। प्रदेश में दृष्टिबाधित, मूक बधिर तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग निराश्रित ऐसे व्यक्तियों को जिनका जीवन यापन के लिए स्वयं का न तो कोई साधन है और न ही वे किसी प्रकार का ऐसा परिश्रम कर सकते हैं, जिससे उनका भरण पोषण हो सके, इस उद्देष्य से निराश्रित दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा के अर्न्तगत जीवन-यापन हेतु सरकार की कल्याणकारी योजना के अर्न्तगत निराश्रित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान दिये जाने की योजना लागू की गयी जिसे सामान्यतया दिव्यांग पेंशन के नाम से भी जाना जाता है। शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रित कर्मशालायें टिहरी गढ़वाल, पिथौरागढ़ एवं नैनीताल में संचालित हैं. इन कर्मशालाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को मोमबत्ती, साबुन, हथकरघा, स्वेटर, शाल आदि बनाने/बुनाई का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2008-09 से कम्पयूटर व्यवसाय संचालित किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

परिचय

समाज के असहाय, सुविधाविहीन एवं कमजोर वित्तीय स्थिति वाले दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास एवं उनके लाभ तथा सहायता के लिए बनाई गयी योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 20 सितम्बर, 1995 को दिव्यान्गजन सशक्तिकरण विभाग का गठन किया गया।

भारत की जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में विभिन्न निःशक्तताओं से ग्रसित कुल व्यक्तियों की संख्या 4157514 है। जो प्रदेश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.08 प्रतिशत है। इसमें दृष्टि निःशक्तता, वाक् निःशक्तता, श्रवण निःशक्तता, अस्थि निःशक्तता, मानसिक मंदित, मानसिक रूग्ण, बहु निःशक्तता एवं अन्य निःशक्तता से ग्रसित व्यक्ति शामिल हैं।[1]

विभाग अपने विद्यालयों के माध्यम से विभिन्न आयु वर्ग, साक्षरता स्तर से संबंधित दिव्यांग छात्र/छात्राओं की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। छात्र/छात्राओं के लिए आवासीय छात्रावास, ब्रेल प्रेस की स्थापना एवं संचालन के साथ-साथ डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न श्रेणी की निःशक्तता से ग्रसित दिव्यांग छात्र/छात्राओं को शैक्षिक सहायता प्रदत्त करना है।[2]

विभाग ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है जैसे कि-

- निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, कौशल विकास केन्द्र, अनुदान, पेंशन, सहायता तथा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण आदि।
- इसके अलावा, विभिन्न प्रोत्साहनों जैसे कि दिव्यांगजन से विवाह करने पर, दिव्यांग / दिव्यांगता के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों / संस्थानों के लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय पुरस्कार व कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी (सी0 एस0 आर0) की पहल के उपयोग से अधिनियम द्वारा प्रत्यायोजित उक्त दायित्वों को पूर्ण करने हेतु तत्पर है।[3]
- उपर्युक्त के अतिरिक्त, आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं के माध्यम से यथा: दुकान निर्माण संचालन योजना द्वारा , विभिन्न राज्य / राज्योत्तर सेवाओं में आरक्षण / छूट द्वारा दिव्यांगजन के सर्वांगींण विकास एवं उन्नयन हेतु सदैव प्रयासरत है।
- दिव्यांगजन हेतु सुगम्य आवागमन के लिए बाधा रहित वातावरण का निर्माण, शल्य चिकित्सा द्वारा दिव्यांगजन के जीवन मानकों का उच्चीकरण तथा जीवन की गुणवत्ता का विकास एवं भागीदारी सुनिश्चित कराना है।[4]

विभाग ने सक्रिय रूप से विभिन्न हितधारकों, सेवा प्रदाताओं, गैर सरकारी संगठनों तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सुझाव, अनुभव, अपेक्षाओं को समाहित करते हुए एक अधिक न्यायसंगत, प्रगतिशील निर्णय प्रणाली व दिव्यांगजन की विशिष्ठ परिस्थितियों के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु तत्पर है जिससे एक अधिक समावेशी समाज का निर्माण किया जा सके।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मुख्य दायित्व[5]

- दिव्यांगजनों के संबंध में राष्ट्रीय नीति का कार्यान्वयन
- आयोजनागत एवं आयोजनेतर योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगों का सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित करना।
- दिव्यांगजनों के विकास संबंधी भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन।
- दिव्यांगजन विकास के संबंध में राष्ट्रीय संस्थानों के साथ समन्वय।
- दिव्यांगजनों के विकास संबंधी कार्य हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय।
- सेवाओं में दिव्यांगजनों का आरक्षण एवं उनके सेवायोजन का पर्यवेक्षण।
- दिव्यांगजनों के लिये सहायक उपकरणों का प्रबन्ध।
- दिव्यांगजनों के लिये विशेष तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण।
- गैर सरकारी संस्थाओं/माता-पिता/सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को दिव्यांगजनों के विकास संबंधी प्रशिक्षण।[6]
- गैर सरकारी संस्थाओं को दिव्यांगजनों के विकास सम्बन्धी कार्य करने हेतु सहायता एवं सहयोग।
- राज्य एवं केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों तथा निजी क्षेत्र के उद्यमों एवं उनके संगठनों से दिव्यांग जन विकास के लिये सहयोग प्राप्त करना।
- दिव्यांगों से संबंधित योजनाएं आय-व्ययक अनुमान तथा अन्य प्रशासनिक मामले।[7]

दिव्यांगजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य-पोषित-योजनाएं

निराश्रित दिव्यांगजन के भरण-पोषण हेतु अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना

पात्रता व शर्ते

- ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो और न्यूनतम 40 प्रतिशत की दिव्यांगता हो।
- उत्तर प्रदेश के निवासी है एवं वास्तव में उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे है।
- वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, समाजवादी पेंशन अथवा ऐसी ही किसी अन्य योजना के अन्तर्गत पेंशन/अनुदान/ सहायता पाने वाला व्यक्ति तथा राजकीय संस्थाओं/गृहों में निःशुल्क भरण पोषण पाने वाले व्यक्ति पात्र नहीं होंगे।
- लाभार्थियों की पात्रता के संबंध में जिलाधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।[8]

आय

गरीबी की रेखा (वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में रू0 46080/- तथा शहरी क्षेत्रों में रू0 56460/- प्रति परिवार प्रति-वर्ष निर्धारित है) की परिभाषा के अन्दर आने वाले दिव्यांगजन अनुदान के पात्र होंगे। (अनुदान प्राप्त करने के लिए जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा।)

अनुदान की दर

इस योजना के अन्तर्गत अनुदान की दर रू0 500/- प्रति लाभार्थी प्रतिमाह होगी जो कि समय-समय पर शासन द्वारा संशोधित दर मान्य होगी।

अनुदान की प्रक्रिया एवं प्रतिबन्ध[9]

अनुदान की प्रक्रिया एवं प्रतिबन्ध निम्नानुसार होंगे-

- नवीन अवेदको को अनुदान की धनराशि का भुगतान बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रथम आवक-प्रथम पावक के अनुसार देय होगा तथा लाभार्थी को पूर्व की बकाया (एरियर) धनराशि देय नहीं होगी।
- अनुदान-ग्रहीता की मृत्यु होने अथवा अपात्रता की श्रेणी में आने की संगत किश्त के बाद अनुदान देना बन्द कर दिया जायेगा।
- यदि कोई व्यक्ति फर्जी अभिलेख गलत सूचना, लाभार्थी की मृत्यु या अन्य कारण से अनुदान प्राप्त कर लेता है तो सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा प्राप्त की गई धनराशि की वसूली भू-राजस्व के बकाये की तरह पब्लिक मनी (रिकवरी आफ ड्यूज) ऐक्ट, 1965 की धारा-3 की उपधारा (ए) (11) के अन्तर्गत की जायेगी ।[10]

इस नियमावली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण द्वारा समय-समय पर आवश्यक निर्देश जारी किये जायेंगे।
इस योजना के अन्तर्गत किसी भी विवादास्पद विषय पर प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन का निर्णय अन्तिम होगा तथा सभी को मान्य होगा।
आवेदन पत्र
आवेदन पत्र दिव्यांगजन जन द्वारा जन सुविधा केन्द्र/लोकवाणी/इन्टरनेट के माध्यम से पर भरा जा सकता है तथा ई-आवेदन की अद्यतन् स्थिति भी प्राप्त की जा सकती है।
भुगतान की प्रक्रिया
ई-पेमेन्ट के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया जायेगा।[11]
कुष्ठावस्था पेंशन योजना

पात्रता व शर्ते

- इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे दिव्यांगजन एवं कुष्ठ रोग ग्रस्त व्यक्तियों के भरण-पोषण के लिये अनुदान की सहायता देना है जिनके परिवार की आय उनके भरण-पोषण हेतु पर्याप्त न हो।
- कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगजन से तात्पर्य ऐसे सभी व्याक्तियों से है, जिनमें कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगता उत्पन्न हुयी हो (चाहे दिव्यांगता का प्रतिशत कुछ भी हो) तथा जिसे उत्तर प्रदेश के संबंधित जनपद के मुख्य जिकित्साधिकारी से तत्संबंधी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
- जो कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों।
- वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन अथवा ऐसी ही किसी अन्य योजना के अन्तर्गत पेंशन/अनुदान/सहायता पाने वाला व्यक्ति इस पेंशन/अनुदान के लिये पात्र नही होंगे।
- आय उक्त पेंशन/अनुदान के लिये बी0पी0एल0 आय सीमा निर्धारित होगी।
- आयु कुष्ठ रोग के कारण हुये दिव्यांगजन किसी भी आयु वर्ग के हों, पेशन/अनुदान हेतु पात्र होगें।
- दर इस योजना के अन्तर्गत कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगजन के लिये अनुदान की दर प्रति लभार्थी रू0 2500/- प्रति माह होगी। इसके लिये शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित दर मान्य होगी।[12]

उपर्युक्त पात्रता की शर्तो में किसी प्रकार के विवाद होने की दशा में जिलाधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
आवेदन पत्र
आवेदन पत्र दिव्यांगजन जन द्वारा जन सुविधा केन्द्र/लोकवाणी/इन्टरनेट के माध्यम से भरा जा सकता है तथा ई-आवेदन की अद्यतन् स्थिति भी प्राप्त की जा सकती है।
भुगतान की प्रक्रिया लाभार्थी को धनराशि का भुगतान ई-पेमेन्ट से उनके बैंक खाते में किया जायेगा।
शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग एवं श्रवण सहायक यंत्र इत्यादि खरीदने तथा मरम्मत कराने हेतु सहायक अनुदान योजना
उद्देश्य एवं प्रयोजन
इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण इत्यादि खरीदने हेतु वित्तीय अनुदान प्रदान करना है जिनकी (नियोजित या स्वरोजगार की दशा में) या जिनके परिवार की (आश्रित की दशा में) समस्त स्रोतों से वार्षिक आय गरीबी की रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा से अधिक न हो, अर्थात् वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में रू0 46080/- तथा शहरी क्षेत्रों में रू0 56460/- प्रति परिवार प्रति-वर्ष निर्धारित आय अथवा उ0प्र0 सरकार द्वारा संशोधित निर्देशों के अनुरूप।
अनुदान की दर
इस योजना के अन्तर्गत दिव्यांग जन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण इत्यादि खरीदने हेतु वित्तीय अनुदान की अधिकतम धनराशि प्रति लाभार्थी रू0 8000/- अनुमन्य होगी, अथवा उ0प्र0 शासन द्वारा समय-समय पर संशोधित दर अनुमन्य होगी।[13]
पात्रता व शर्ते

- किसी भी आयु वर्ग के दिव्यांगजन जो उत्तर प्रदेश के निवासी हो।
- ऐसे दिव्यांगजन जिनमें न्यूनतम 40 प्रतिशत की दिव्यांगता राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित की गई हो। मानसिक मंदिता की स्थिति में किसी व्यक्ति के चित की अवरूद्ध या अपूर्ण विकास की अवस्था जो विशेष रूप से वृद्धि की असामान्यता द्वारा अभिलक्षित होती है जिसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है।
- दिव्यांगजन हेतु आवश्यक कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु चिकित्साधिकारी द्वारा संस्तुति की गयी हो।

- ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें समान प्रयोजन/उपकरण के लिए भारत सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय निकाय से पिछले तीन वर्षो के दौरान लाभान्वित नही किया गया हो, तथापि किसी शैक्षिक संस्थान के नियमित छात्रों के लिए यह सीमा एक वर्ष के लिए होगी।[14]

आय
गरीबी की रेखा (वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में रू0 46080/- तथा शहरी क्षेत्रों में रू0 56460/- प्रति परिवार प्रति-वर्ष निर्धारित है) की परिभाषा के अन्दर आने वाले दिव्यांगजन अनुदान के पात्र होंगे अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संशोधित निर्देशों के अनुरूप। अनुदान प्राप्त करने हेतु मा0 सांसद, मा0 विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।
उपकरणों का विवरण
योजनान्तर्गत दिव्यांगजन को उनकी दिव्यांगता के अनुरूप निम्न प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जा सकते है

- गतिशीलता सहायक यन्त्र जैसे - ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, क्रचेज, वाकिंग स्टीक और वाकिंग फ्रेमध्रोलेटर्स।
- दृष्टि बाधित दिव्यांगता से ग्रस्त छात्र/छात्राओं के लिए शिक्षण उपकरण जैसे अंकगणितीय फ्रेम, एबाकस, ज्यामितिय किट्स अथवा ब्रेल एजूकेशनल किट्स।
- दृष्टि बाधित दिव्यांगजन के लिए ब्लाइन्ड स्टिक।
- श्रवण बाधित दिव्यांगजन हेतु विभिन्न प्रकार के श्रवण-सहायक यन्त्र तथा शैक्षणिक किट।
- मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों एवं विद्यार्थियों हेतु एम.एस.आई.डी. किट (मल्टी-सेन्सरी ऐजूकेशन डेवलपमेंट किट)
- कुष्ठ रोग से मुक्त व्यक्तियों के दैनिक क्रियाकलापों सम्बन्धी किट (ए0डी0एल0 किट)
- बहुदिव्यांगता की दशा में अथवा जिन दिव्यांगजन को एक से अधिक सहायक उपकरण की आवश्यकता होती है उनके लिए एक बार में अधिकतम रू0 8000/- तक की वित्तीय अनुदान स्वीकृत की जायेगी।[15]

अनुदान की प्रक्रिया एवं प्रतिबन्ध

- निर्धारित प्रारूप पर आवेदन-पत्र सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने होंगे।
- जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्यालय में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों को सूचीबद्ध कर उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष आवेदकों को वित्तीय अनुदान दिये जाने में प्रथम आवक एवं प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर स्वीकृति करेंगे।
- योजना अन्तर्गत यदि किसी आवेदन-पत्र को निरस्त किया जाता है तो ऐसे आवेदकों की सूची निरस्त करने के स्पष्ट कारण सहित तैयार कर अनुरक्षित रखी जायेगी।
- इस नियमावली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा समय-समय पर आवश्यक निर्देश जारी किये जायेंगे।
- इस योजना के अन्तर्गत किसी भी विवादास्पद विषय पर शासन का निर्णय अन्तिम होगा तथा सभी को मान्य होगा।[16]

आवेदन की प्रक्रिया
दिव्यांगजन जन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जन सुविधा केन्द्र/लोकवाणी के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा ई-आवेदन की अद्यतन् स्थिति भी प्राप्त की जा सकती है।
उपकरण वितरण की प्रक्रिया
जनपदों में शिविर के माध्यम से लाभार्थियों को सहायक उपकरण (प्रथम आवक एवं प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर) वितरित किये जायेगें।
शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

पात्रता व शर्ते

- 40 प्रतिशत या उससे अधिक (मुख्य चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र मान्य होगा)।
- समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन व्यक्ति जो उत्तर प्रदेश के निवासी हो।
- ऐसे दिव्यांगजन जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो।

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

- दिव्यांग मूल ऋण की वसूली, भुगतान के तीन माह बाद रू0 500/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- दिव्यांगजन जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न पाये हो तथा उनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो।
- दिव्यांगजन के पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फीट भूमि हो या अपने संस्त्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/लेने में समर्थ हो।
- दिव्यांगजन द्वारा 05 वर्ष की अवधि का किरायेदारी का पट्टा कराया जाये उन्हें उपलब्ध दुकान संचालन हेतु (किराया एवं कार्यशील पूँजी)[17]

दुकान निर्माण/क्रय/किराये पर लिये जाने के लिए स्थल का चयन
नगरीय क्षेत्र
ऐसा स्थान जहाँ पर व्यापार अथवा व्यवसाय चलने की पूर्ण सम्भावना हो।
ग्रामीण क्षेत्र
ऐसा स्थान जहाँ आवगमन की आसान सुविधा हो एवं व्यापार अथवा व्यवसाय चलने की पूर्ण सम्भावना हो।
आय
दिव्यांगजन जन जिनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दोगुने से अधिक न हो।
दर

- दुकान निर्माण हेतु रू0 20,000/- एवं दुकान/खोखा/गुमटी/हाथ ठेला संचालन हेतु रू0 10,000/- की धनराशि प्रदान की जाती है।
- रू0 20,000/- में रू0 15,000/- की धनराशि 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण के रूप में तथा रू0 5,000/- अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।
- इसी प्रकार रू0 10,000/- में रू0 7,500/- की धनराशि 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण के रूप में तथा रू0 2,500/- अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।[18]

इस योजना अन्तर्गत दिव्यांगजन जन सुविधा केन्द्र/लोकवाणी के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन कर सकते है तथा ई-आवेदन की अद्यतन् स्थिति भी प्राप्त की जा सकती है।
भुगतान की प्रक्रिया
आवेदन-पत्र प्रथम आवक तथा प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर ही नियमानुसार स्वीकृत किये जायेगें तथा भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया जायेगा।
ऋण की वसूली

- दुकान निर्माण हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली, ऋण व अनुदान की सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान के एक वर्ष बाद रू0 500/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- दुकान क्रय हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली, भुगतान के तीन माह बाद रू0 500/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- खोखा/गुमटी/हाथ ठेला क्रय हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली, भुगतान के तीन माह बाद रू0 250/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- दुकान के निर्माण/खोखा, गुमटी, हाथ ठेला क्रय हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली के बाद ब्याज की धनराशि वसूल की जायेगी। यह वसूली 24 समान मासिक किश्तों में की जायेगी। लाभार्थी ब्याज की सम्पूर्ण धनराशि को एक मुश्त भी अदा कर सकता है।[19]

दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना

पात्रता व शर्ते

- 40 प्रतिशत या उससे अधिक (मुख्य चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र मान्य होगा)।

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

- समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन व्यक्ति जो उत्तर प्रदेश के निवासी हो।
- ऐसे दिव्यांगजन जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो।
- दिव्यांग मूल ऋण की वसूली, भुगतान के तीन माह बाद रू0 500/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- दिव्यांगजन जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न पाये हो तथा उनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो।
- दिव्यांगजन के पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फीट भूमि हो या अपने संस्त्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/लेने में समर्थ हो।
- दिव्यांगजन द्वारा 05 वर्ष की अवधि का किरायेदारी का पट्टा कराया जाये उन्हें उपलब्ध दुकान संचालन हेतु (किराया एवं कार्यशील पूजी)[20]

दुकान निर्माण/क्रय/किराये पर लिये जाने के लिए स्थल का चयन
नगरीय क्षेत्र - ऐसा स्थान जहाँ पर व्यापार अथवा व्यवसाय चलने की पूर्ण सम्भावना हो।
ग्रामीण क्षेत्र - ऐसा स्थान जहाँ आवगमन की आसान सुविधा हो एवं व्यापार अथवा व्यवसाय चलने की पूरण सम्भावना हो।
आय
दिव्यांगजन जन जिनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दोगुने से अधिक न हो।
दर

- दुकान निर्माण हेतु रू0 20,000/- एवं दुकान/खोखा/गुमटी/हाथ ठेला संचालन हेतु रू0 10,000/- की धनराशि प्रदान की जाती है।
- रू0 20,000/- में रू0 15,000/- की धनराशि 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण के रूप में तथा रू0 5,000/- अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।
- इसी प्रकार रू0 10,000/- में रू0 7,500/- की धनराशि 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण के रूप में तथा रू0 2,500/- अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।

आवेदन पत्र
इस योजना अन्तर्गत दिव्यांगजन जन सुविधा केन्द्र/लोकवाणी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है तथा ई-आवेदन की अद्यतन् स्थिति भी प्राप्त की जा सकती है।
भुगतान की प्रक्रिया
आवेदन-पत्र प्रथम आवक तथा प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर ही नियमानुसार स्वीकृत किये जायेगें तथा भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया जायेगा।
ऋण की वसूली[22]

- दुकान निर्माण हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली, ऋण व अनुदान की सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान के एक वर्ष बाद रू0 500/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- दुकान क्रय हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली, भुगतान के तीन माह बाद रू0 500/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- खोखा/गुमटी/हाथ ठेला क्रय हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली, भुगतान के तीन माह बाद रू0 250/- प्रति त्रैमासिक किश्त की दर से तीस समान किश्तों में की जायेगी।
- दुकान के निर्माण/खोखा, गुमटी, हाथ ठेला क्रय हेतु स्वीकृत मूल ऋण की वसूली के बाद ब्याज की धनराशि वसूल की जायेगी। यह वसूली 24 समान मासिक किश्तों में की जायेगी। लाभार्थी ब्याज की सम्पूर्ण धनराशि को एक मुश्त भी अदा कर सकता है।

निःशक्तता निवारण हेतु शल्य चिकित्सा अनुदान

निःशक्तता निवारण के लिए शल्य चिकित्सा हेतु एक वर्ष में रू. 8000/- प्रति लाभार्थी को प्रतिपूर्ति की व्यवस्था है।
योजना की श्रेणी- व्यक्तिगत
योजना से प्राप्त होने वाला लाभ

- विभिन्न प्रकार की निःशक्तताओं को यथा सम्भव कम करने के लिये आवश्यक करेक्टिव सर्जरी कराके दिव्यांगजन को सामान्य जीवन जीने लायक बनाया जाता है।
- शल्य चिकित्सा हेतु एक वर्ष में अधिकतम रू0 10,000/- प्रति व्यक्ति की सीमा तक इलाज के खर्च की भरपाई के लिये धनराशि संबंधित राजकीय चिकित्सालय को लाभार्थी की चिकित्सा के लिये प्रदान की जाती है।[23]

योजना से लाभ प्राप्त किए जाने की पात्रता

- ऐसे दिव्यांग जन जिनका तथा जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय रू0 6000/- से अधिक न हो।
- भारत वर्ष का नागरिक हो।
- उत्तर प्रदेश का स्थाई निवासी अथवा कम से कम 05 वर्ष से उत्तर प्रदेश का अधिवासी हो।
- किसी अपराधिक मामले में दण्डित न किया गया हो।

लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रपत्र, यदि कोई हो और उसे कहाँ से प्राप्त किया जा सकता है, यदि वेबसाइट पर उपलब्ध हो, तो उसका पता संबंधित जनपद के जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी कार्यालय एवं निदेशालय दिव्यांग कल्याण, उत्तर प्रदेश से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की विभागीय वेबसाइट से भी प्राप्त किया जा सकता है।
अनुदान के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया
संबंधित जनपद के जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी लाभ प्राप्त करने के लिए किससे सम्पर्क करना होगा?[24]
संबंधित जिले के जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी से
लाभ प्राप्त करने में आने वाली समस्या का किस स्तर पर हल होगा?
सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी।
निदेशक दिव्यांग कल्याण, 10वाँ तल इन्दिरा भवन, लखनऊ (दूरभाष संख्या : 0522-2287267, 0522-2286188)
दिव्यांगजन को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने की योजना

परिभाषा
इस योजना के अन्तर्गत जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात विरूद्ध न हों।

- बसों में ऐसी साधारण बसें अभिप्रेत होंगी जो निगम द्वारा उसके अधीन उ0प्र0 की सीमा के अन्दर एवं प्रदेश की सीमा के बाहर विभिन्न मार्गो पर चलाई जाती हो। वायुशीतित, शयनयान, वातानुकूलित तथा वीडियोयुक्त बसों पर यह सुविधा लागू नहीं होंगी।[25]

निगम उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम अभिप्रेत होगा।
राज्य से उ0प्र0 अभिप्रेत होगा।

- दिव्यांगजन को उ0प्र0 निःशुल्क यात्रा सुविधा उ0प्र0 सड़क परिवहन निगम की बसों से भिक्षावृत्ति से भिन्न प्रयोजन के लिये यात्रा करने पर दी जायेगी।
- यात्रा प्रारम्भ करते समय दिव्यांग व्यक्ति मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र परिवहन निगम के अधिकृत कर्मचारी/अधिकारी को प्रस्तुत कर यात्रा प्रारम्भ कर सकेगा।

- उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आवश्यक प्रमाणपत्र, जिसमें इस बात का उल्लेख होगा कि कितने दिव्यांग व्यक्तियों ने एक त्रैमास में निःशुल्क यात्रा सुविधा का उपयोग किया, के साथ मांग पत्र दिये जाने पर अनुमन्य धनराशि निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण द्वारा उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम को उपलब्ध कराई जायेगी।

(1) यात्रा की सुविधा केवल मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र के आधार पर ही दिव्यांगजन को ही दी जायेगी।
(2) यात्रा की सुविधा केवल उन्हीं दिव्यांगजन को देय होगीं जो निम्नांकित श्रेणियों में से किसी एक में आते हों
जो पूर्ण रूप से अंधे हो या अल्पदृष्टि (लो विज़न) हों (दिव्यांगजन अधिनियम 1995 की परिभाषा के अनुसार)।
जो पूर्ण रूप मूक हों, बधिर हों या दोनों हों (दिव्यांगजन अधिनियम, 1995 की परिभाषा के अनुसार)।

- जिनके एक हाथ व पैर या जिनके दोनों हाथ या दोनों पैर पूर्ण रूप से कटे हों।
- जिनके एक हाथ एवं एक पैर या दोनों हाथ या दोनों पैर अपंग (पैरालाइज्ड) हों।
- जो मानसिक रूप से मंद/रूग्ण हों। (दिव्यांगजन अधिनियम 1995 की परिभाषा के अनुसार)
- जो लेप्रोसी मुक्त दिव्यांग हों।[26]

- मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दिये गये दिव्यांगता प्रमाण-पत्र में यदि कोई दिव्यांग गम्भीर दिव्यांगता से ग्रसित है। अर्थात यदि व 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता से ग्रसित है तो उस दिव्यांग के एक सहयोगी को दिव्यांग की तरह ही निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।
- परिवहन निगम की बसों से दिव्यांग को पूरे वित्तीय वर्ष में यात्रा की सुविधा अनुमन्य होगी।
- नगर बस सेवा में भी यह सुविधा अनुमन्य होगी, यदि उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम सेवा संचालित करते हों।
- नियम 7 (2) के अंतर्गत उल्लिखित दिव्यांगजन को उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी।
- उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम को दिव्यांगजन पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति के लिये संबंधित विभाग के आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि के अनुसार पारस्परिक सहमति से धनराशि का भुगतान निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा किया जायेगा।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र का प्रयोग यात्रा सुविधा हेतु किया जायेगा।
- दिव्यांग द्वारा यात्रा करने पर परिवहन निगम का बस कंडक्टर दिव्यांग को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण-पत्र देखने के पश्चात गंतव्य स्थान तक यात्रा की सुविधा उपलब्ध करायेगा। इस यात्रा का लेखा-जोखा यथासमय परिवहन निगम के कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। उक्त निःशुल्क यात्रा के लिये जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र पर पंजीकरण संख्या, हस्ताक्षर व मोहर का अंकन किया जाना अनिवार्य नही होगा।
- जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अपने यहाँ एक रजिस्टर रखेंगे, जिसमें ऐसे दिव्यांगजन का उल्लेख होगा जो परिवहन निगम की बसों से यात्रा करने हेतु पात्र हैं।
- उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम प्रत्येक तीन माह पर लेखा विवरण तथा यात्रा करने वाले दिव्यांगजन की संख्या संबंधी विवरण निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण को उपलब्ध करायेगे।
- दिव्यांगता की जो परिभाषा यात्रा के लिये दी गई है, उस श्रेणी में आने के लिये यह आवश्यक होगा कि संबंधित दिव्यांग अपने जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी से दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्राप्त करें।
- इस यात्रा हेतु संबंधित दिव्यांग तथा उसके सहयोगी को यात्रीकर का भुगतान नही करना होगा।[27]

दिव्यांगजन के सशक्तिकरण हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार

प्रदेश के दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों/स्वत: रोजगारत दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगजन के सेवायोजकों एवं उत्कृष्ट प्लेसमेंट अधिकारियों, दिव्यांगजन के हितार्थ उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को प्रति वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

योजना से प्राप्त होने वाला लाभ

निःशक्तता के बावजूद उत्कृष्ट कार्य करने, स्वरोजगार करने वाले दिव्यांग जन एवं ऐसे सेवायोजक जिन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों को सेवारत किया हो, सहायक प्लेसमेंट अधिकारी जिन्होने दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार दिलाने का कार्य किया हो अथवा ऐसी स्वैच्छिक संस्थाये जिन्होंने दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को सम्पन्न किया हो को पुरस्कृत कर योजनाओं के क्रियान्वयन/कार्यक्षेत्र में नये आयामों को प्राप्त करने तथा गतिशीलता प्रदान करना।

पुरस्कार के रूप में एक शील्ड, मान पत्र एवं रू0 25000/- का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

योजना से लाभ प्राप्त किए जाने की पात्रता[28]

- निःशक्तता के बावजूद उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारी/स्वरोजगार करने वाले दिव्यांग जन एवं ऐसे सेवायोजक जिन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों को सेवारत किया हो, सहायक प्लेसमेन्ट अधिकारी जिन्होने दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार दिलाने का कार्य किया हो अथवा ऐसी स्वैच्छिक संस्थायें/व्यक्ति विशेष जिन्होने निःशक्तता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो को सम्पन्न किया हो इस पुरस्कार की पात्रता के अन्तर्गत आते है।
- ऐसे पात्र व्यक्ति/संगठन/विभाग/स्वायतशासी निकाय को पुरस्कार प्रदान करने हेतु संबंधित जनपद के जिलाधिकारी की संस्तुति अनिवार्य है।
- लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रपत्र, यदि कोई हो और उसे कहाँ से प्राप्त किया जा सकता है, यदि वेबसाइट पर उपलब्ध हो, तो उसका पता

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

- निर्धारित फार्म संबंधित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय एवं निदेशालय दिव्यांग जनसशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
- निर्धारित फार्म दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबसाईट से भी प्राप्त किया जा सकता है।
- लाभ प्राप्त करने के लिए किससे सम्पर्क करना होगा?[29]

संबंधित जनपद के जिला दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी

डिस्लेक्सिया व अटेन्शन डैफसिट एंड हाईपर एक्टिविटी सिंड्रोम से प्रभावित बच्चो की पहचान हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण

डिसलेक्सिया व अटेंशन डैफसिट एण्ड हाईपर एक्टिविटी सिन्ड्रोम जैसी छिपी हुई दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु अध्यापकों को प्रशिक्षित करने उनके अभिभावकों को इस परिपेक्ष्य में जागरूक करने एवं समाज में जागरूकता का सृजन करने का कार्य किया जाता है।

मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांग जन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता[30]

विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजन हेतु मानसिक दिव्यांगता के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, क्योंकि निश्चित स्तर की मानसिक दिव्यांगता के बाद इस वर्ग के व्यक्तियों के पराश्रय एवं दूसरों के सहयोग की अनिवार्य आवश्यकता होती है। इसकों दृष्टिगत रखते हुये मानसिक रूप से रूग्ण व्यक्तियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिये शासकीय कार्यक्रमों के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं की भी भागीदारी के लिये विभाग द्वारा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने की योजना संचालित की जा रही है।

स्वैच्छिक संगठनों/संस्थाओं को सहायता

दिव्यांग जन सशक्तीकरण के कार्य में लगी स्वैच्छिक संस्थाओं/संगठनों को दिव्यांगता का कारण, बचाव, उपचार, पुनर्वासन एवं दिव्यांगजन विकास विभाग की योजनाओं तथा अधिनियम के प्राविधानों का प्रचार-प्रसार करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अनुदान स्वीकृत किया जाता है।

ब्रेल प्रेस का संचालन[31]

प्रदेश में दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं के पठन-पाठन हेतु ब्रेललिपि में पुस्तकों को प्रकाशित करने हेतु प्रेस का संचालन किया जा रहा है। यह ब्रेल प्रेस उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्रों के छात्रावास निशातगंज, लखनऊ में स्थापित की गयी है। इस ब्रेल प्रेस में विभाग द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पठन पाठन हेतु सम्बन्धित विषयों की पुस्तकों को ब्रेल लिपि में प्रकाशित कराये जाने का कार्य किया जा रहा[15]

विचार-विमर्श

दिव्यांगों के हितार्थ सरकार द्वारा लगने वाली एकल खिड़की में विगत 18 महीने से अस्थि बाधित व मूकबधिर चिकित्सक उपलब्ध नहीं है जिससे दिव्यांगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उपरोक्त मामले को लेकर दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान द्वारा मंगलवार को कलेक्टर के नाम आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें बताया गया कि दिव्यांगों के हितार्थ चलाई जा रही है। एकल खिड़की में जिले के काफी दिव्यांगों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

क्योंकि पिछले 18 महीने से मूकबधिर की जांच के लिए चिकित्सक उपलब्ध नहीं है व पिछले 3 माह से अस्थि बाधित दिव्यांगों को ऑर्थोपेडिक डॉक्टर नहीं होने के कारण दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर नहीं दिए जा रहे हैं। इस कारण जिले के दिव्यांगों को शासन की समुचित सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

दिव्यांग ज्योति संस्था के सदस्यों ने आवेदन में चेतावनी दी है कि यदि 5 सितंबर तक दिव्यांगों को उनकी सुविधा व सहायता के लिए चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो आगामी 6 सितंबर को संस्था के सदस्यों द्वारा दिव्यांगों के सहयोग से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एकल खिड़की केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मूक-बधिर और दिव्यांगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीजापुर गेस्ट हाउस में मुलाकात कर मुख्यमंत्री को तीसरी बार ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मूक बधिरों की पीड़ा को समझने और एक सशक्त आयोग का गठन करने, गठन के बाद अलग सेल बनाने और उसमें अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर दिव्यांग (विकलांग) प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने के संबंध में मांग उठायी।

बुधवार को देवभूमि बधिर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय विकलांग अधिकार एवं कर्तव्य मंच के राष्ट्रीय महामंत्री संदीप अरोड़ा ने सीएम को अवगत कराया कि प्रदेश के मूक बधिरजनों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इसका ताजा उदाहरण देहरादून के नारी निकेतन में मूक बधिर संवासिनियों का शारीरिक शोषण, बलात्कार और भ्रूण हत्या है। इसका प्रमुख कारण प्रदेश में सशक्त विकलांग आयोग का ना होना है। संदीप अरोड़ा ने अवगत कराया कि प्रदेश में नेत्रहीन, विकलांग और मूक बधिरों को एक श्रेणी में रखा गया है जबकि सबकी पीड़ा अलग-अलग है।

राष्ट्रीय विकलांग अधिकार एवं कर्तव्य मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमित डोभाल ने कहा कि मूक बधिरों की शिक्षा, पुनर्वास व सरकारी नौकरी में आरक्षण को लेकर कोई नीति सरकार के पास नहीं है। मंच के पौड़ी जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन सजवाण ने कहा कि सरकार प्रदेश में विकलांगजनों के हित में एक ऐसा सशक्त आयोग बनाया जाए जिसमें अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर सभी तरह के विकलांगों को शामिल किया जाए। प्रदेश महासचिव अपूर्व नौटियाल और देहरादून जिलाध्यक्ष संजीव कुमार ने भी विचार रखे। सीएम ने मीडिया सलाहकार राजीव जैन को इस मामले में जल्द ही कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में अतुल राठौर, राजकुमार, सुनील डांगी शामिल थे।[14]

परिणाम

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की परिकल्पना है एक ऐसा समावेशी समाज बनाना, जहां दिव्यांगजन रचनात्मक, सुरक्षित और सम्मान के साथ जीवन जी सकें तथा जहां उन्हें विकास और उन्नति के लिए उचित सहायता मिले। इसका लक्ष्य है शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक विकास तथा जरूरत होने पर पुनर्वास कार्यक्रमों के जरिये दिव्यांगजनों को समर्थ बनाना। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के दायरे में सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से वंचित दिव्यांगज आते हैं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की स्थापना मई 2012 में की गई थी, जिसका उद्देश्य है दिव्यांगजन का सशक्तिकरण और उनका समावेश करना तथा ऐसी नोडल एजेंसी के रूप में काम करना, जो दिव्यांगजनों के विकास के कामों की देख-रेख करे। दिव्यांजनों का सशक्तिकरण अंतर-विषयक प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न पहलू जैसे दिव्यांगता की रोकथाम, उसकी जल्द पहचान करना, पहल करना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारपरक प्रशिक्षण, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण शामिल हैं।[13]

इस विभाग की परिकल्पना, मिशन और रणनीतियां हैं: परिकल्पनाः एक समावेशी समाज का निर्माण करना जहां दिव्यांगजनों को उन्नति और विकास के समान अवसर मिलें, ताकि वे रचनात्मक, सुरक्षित और सम्मान के साथ जीवन बिता सकें। मिशनः विभिन्न अधिनियमों/संस्थानों/संगठनों और पुनर्वास योजनाओं के जरिये दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करके, उनके अधिकारों की रक्षा करके और समाज के स्वतंत्र व रचनात्मक सदस्य के रूप में हर स्तर पर भागीदारी करने में उन्हें सक्षम बनाकर उन्हें सशक्त करना है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख उपलब्धियां:

• राष्ट्रपति ने तीन दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए शानदार काम करने पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।

• सांकेतिक भाषा दिवस देशभर में 3200 स्थानों पर मनाया गया/हर जिले में सांकेतिक भाषा के जानकार है।

• कर्तव्य पथ, इंडिया गेट, नई दिल्ली पर मेगा दिव्य कला मेले का आयोजन किया गया

• दिव्य कला शक्ति; दिव्यांगता में क्षमता; कला व संस्कृति के क्षेत्र में दिव्यांगजनों की स्वाभाविक प्रतिभा को सामने लाने का अभिनव मंच है।[12]

• केवड़िया और इंदौर में क्रमशः चार मार्च और 15 सितंबर, 2022 को दो दिवसीय जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन/सतत समावेशी विकास का लक्ष्य हासिल करने के लिए दिव्यांगजनों के प्रति आम लोगों में सकारात्मक भाव विकसित करने को सक्रिय उपाय जरूरीः टेंट सिटी केवड़िया में डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में उल्लेख किया

• दिव्यांगता पर केंद्रीय परामर्श बोर्ड (सीएबी) की पांचवीं बैठक।

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

• अमेज़ॉन और फ्लिपकार्ट/दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के बीच पहली बार समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर– फ्लिपकार्ट और अमेज़ॉन जैसी ई-वाणिज्य कंपनियों के साथ दिव्यांगजनों को जोड़ने की पहल/समस्त समझौतों का लक्ष्य तेज गति के साथ मुख्यधारा की आर्थिक गतिविधियों के साथ दिव्यांगजनों को जोड़ने के लिए प्रणालियों और आधारभूत कौशल को विकसित करना है। दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निजी कंपनियों की संलग्नता।

• राष्ट्रीय संस्थानों (एनआई)/समग्र क्षेत्रीय केंद्रों (सीआरसी) का उद्घाटन और शिलान्यास, ताकि उनकी सेवा आपूर्ति प्रणाली को विस्तार दिया जा सके, जिसके आधार पर वे स्वतंत्र माहौल में बेहतर पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर सकें

विवरणः सीआरसी कोझिकोड, सीआरसी देवनागिरी, सीआरसी राजनांदगांव, सीआरसी शिलांग, एनआई-एसवीएनआईआरटीएआर कटक, ओडिशा (100 बिस्तरों वाले पुनर्वास भवन अस्पताल का उद्घाटन)।

• एसवीएनआईआरटीएआर कटक, ओडिशा में 100 बिस्तरों वाले पुनर्वास भवन अस्पताल का उद्घाटन।

• माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में 22 दिसंबर, 2022 को टी20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप 2022 की विजेता भारतीय राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम का अभिनंदन किया और बातचीत की।[11]

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जिला रैडक्रोस सोसाइटी के माध्यम से संचालित जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू की शुरुआत 17 अक्तूबर 2016 में की गई थी। इस केंद्र के माध्यम से मुख्यताः दिव्यांगों को चिन्हित कर उनकी विकलांगता का आंकलन किया जाता है तथा पात्र व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण जैसे सुनने की मशीन, व्हीलचेयर, चलने हेतु छड़ियां, बैसाखीयां व अन्य सहायक उपकरण पात्रता के अनुसार निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं। ज़िला विकलांगता पुनर्वास केंद्र में सहायक उपकरण के इलावा शारीरिक समस्याओं के लिए फिजियोथेरेपी, मानसिक तनाव जैसी समस्याओं के लिए मानोवैज्ञानिक द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से निदान किया जाता है। ऑडिओमिटरी ऑडिओलॉजिस्ट द्वारा सुनने की क्षमता का आंकलन किया जाता है । वहीं, स्पीच थेरेपिस्ट द्वारा हकलाना, तुतलाना बोलने की समस्याओं का निदान निः शुल्क किया जाता है।

विकलांग व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष का एक प्रमुख परिणाम 3 दिसंबर 1982 को महासभा द्वारा अपने संकल्प द्वारा अपनाई गई विकलांग व्यक्तियों से संबंधित कार्रवाई के विश्व कार्यक्रम का निर्माण था। वर्ल्ड प्रोग्राम ऑफ एक्शन (डब्ल्यूपीए) विकलांगता की रोकथाम, पुनर्वास और अवसरों के समानता को बढ़ाने के लिए एक वैश्विक रणनीति है, जो सामाजिक जीवन और राष्ट्रीय विकास में विकलांग व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी से संबंधित है। डब्ल्यूपीए मानवाधिकार के नजरिए से विकलांगता को अपनाने की जरूरत पर भी जोर देता है।[10]
इसके तीन अध्याय विकलांगों से संबंधित सिद्धांतों, अवधारणाओं और परिभाषाओं का विश्लेषण प्रदान करते हैं; विकलांग व्यक्तियों के संबंध में विश्व की स्थिति का अवलोकन; और राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर कार्रवाई के लिए सिफारिशें निर्धारित करना।

"अवसरों का समानीकरण" WPA का एक केंद्रीय विषय है और सामाजिक और आर्थिक जीवन के सभी पहलुओं में विकलांग व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी की उपलब्धि के लिए इसका मार्गदर्शक दर्शन है। इस विषय में अंतर्निहित एक महत्वपूर्ण सिद्धांत यह है कि विकलांग व्यक्तियों से संबंधित मुद्दों को अलग-थलग नहीं, बल्कि सामान्य सामुदायिक सेवाओं के संदर्भ में माना जाना चाहिए।

उद्देश्य
विकलांग व्यक्तियों से संबंधित कार्रवाई के विश्व कार्यक्रम का उद्देश्य अक्षमता, पुनर्वास और सामाजिक जीवन और विकास में विकलांग व्यक्तियों की "पूर्ण भागीदारी" और "समानता" के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी उपायों को बढ़ावा देना है। इसका अर्थ है पूरी आबादी के बराबर अवसर और सामाजिक और आर्थिक विकास के परिणामस्वरूप रहने की स्थिति में सुधार में समान हिस्सेदारी। इन अवधारणाओं को सभी देशों के विकास के स्तर की परवाह किए बिना समान दायरे और समान तात्कालिकता के साथ लागू होना चाहिए।[9]

पृष्ठभूमि
दुनिया में 500 मिलियन से अधिक लोग मानसिक, शारीरिक या संवेदी हानि के परिणामस्वरूप अक्षम हैं। वे अन्य सभी मनुष्यों के समान अधिकारों और समान अवसरों के हकदार हैं। बहुत बार उनका जीवन समाज में शारीरिक और सामाजिक बाधाओं से

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

बाधित होता है जो उनकी पूर्ण भागीदारी को बाधित करता है। इस वजह से, दुनिया के सभी हिस्सों में लाखों बच्चे और वयस्क अक्सर एक ऐसे जीवन का सामना करते हैं जो अलग-थलग और दूषित होता है।[8]

आर्थिक और सामाजिक विकास के विभिन्न स्तरों और विभिन्न संस्कृतियों के संदर्भ में विकलांग व्यक्तियों की स्थिति का विश्लेषण करना होगा। हालांकि, हर जगह, उन स्थितियों को दूर करने की अंतिम जिम्मेदारी जो हानि की ओर ले जाती हैं और विकलांगता के परिणामों से निपटने की जिम्मेदारी सरकारों की होती है। यह सामान्य रूप से समाज की, या व्यक्तियों की, या संगठनों की जिम्मेदारी को कमजोर नहीं करता है, सरकारों को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने से व्यक्तियों और समाज द्वारा प्राप्त किए जाने वाले लाभों के बारे में आबादी की चेतना को जगाने का नेतृत्व करना चाहिए। , आर्थिक और राजनीतिक जीवन। सरकारों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जिन लोगों को गंभीर अक्षमता के कारण आश्रित बना दिया गया है, उनके पास अपने साथी नागरिकों के समान जीवन स्तर प्राप्त करने का अवसर है। गैर-सरकारी संगठन, अलग-अलग तरीकों से सरकारों की ज़रूरतों को तैयार करने, उपयुक्त समाधान सुझाने और सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पूरक सेवाएं प्रदान करने में सहायता कर सकते हैं। जनसंख्या के सभी वर्गों द्वारा वित्तीय और भौतिक संसाधनों को साझा करना, विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़े बिना, विकलांग व्यक्तियों के लिए सामुदायिक सेवाओं के विस्तार और बेहतर आर्थिक अवसरों के परिणामस्वरूप बड़ा महत्व हो सकता है।[7]

कुपोषण, पर्यावरण प्रदूषण, खराब स्वच्छता, अपर्याप्त प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, जल जनित रोगों और सभी प्रकार की दुर्घटनाओं के खिलाफ किए गए उपायों के माध्यम से बहुत विकलांगता को रोका जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय टीकाकरण के कार्यक्रमों के विश्वव्यापी विस्तार के माध्यम से पोलियोमाइलाइटिस, टेटनस, हूपिंग-कफ और डिप्थीरिया और कुछ हद तक तपेदिक के कारण होने वाली विकलांगता के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल कर सकता है।

कई देशों में, कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूर्वापेक्षाएँ आर्थिक और सामाजिक विकास, मानवतावादी क्षेत्र में पूरी आबादी को प्रदान की जाने वाली विस्तारित सेवाएँ, संसाधनों और आय का पुनर्वितरण और जनसंख्या के जीवन स्तर में सुधार हैं। तबाही, तबाही और गरीबी, भूख, पीड़ा, बीमारियों और लोगों की सामूहिक विकलांगता को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना आवश्यक है, और इसलिए अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी स्तरों पर उपायों को अपनाने के लिए, सभी अंतरराष्ट्रीय विवादों को निपटाने के लिए आवश्यक है। शांतिपूर्ण साधनों और उन देशों में नस्लवाद और नस्लीय भेदभाव के सभी रूपों को खत्म करने के लिए जहां वे अभी भी मौजूद हैं। संयुक्त राष्ट्र के सभी राज्यों के सदस्यों को यह सिफारिश करना भी वांछनीय होगा कि वे अक्षमता की रोकथाम और अक्षम व्यक्तियों की आवश्यकताओं की संतुष्टि सहित शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए अपने संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें। तकनीकी सहायता के सभी प्रकार जो विकासशील देशों को इन उद्देश्यों की ओर बढ़ने में मदद करते हैं, कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समर्थन कर सकते हैं। हालांकि, इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासों की विस्तारित अवधि की आवश्यकता होगी, जिसके दौरान अक्षम व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। प्रभावी उपचारात्मक कार्रवाई के बिना, विकलांगता के परिणाम विकास में बाधाएँ बढ़ाएँगे। इसलिए, यह आवश्यक है कि सभी राष्ट्र अपनी सामान्य विकास योजनाओं में निःशक्तता की रोकथाम के लिए तत्काल उपायों को शामिल करें,

परिभाषा
विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वास्थ्य अनुभव के संदर्भ में हानि, अक्षमता और बाधा के बीच निम्नलिखित अंतर किया गया है:[6]

- हानि: मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, या शारीरिक संरचना या कार्य की कोई हानि या असामान्यता।
- विकलांगता: कोई भी प्रतिबंध या कमी {एक हानि के परिणामस्वरूप) एक गतिविधि को तरीके से या एक इंसान के लिए सामान्य मानी जाने वाली सीमा के भीतर करने की क्षमता।
- बाधा: किसी दिए गए व्यक्ति के लिए एक नुकसान, एक हानि या अक्षमता के परिणामस्वरूप, उस व्यक्ति के लिए उम्र, लिंग, सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों के आधार पर सामान्य भूमिका की पूर्ति को सीमित या रोकता है। 2

विकलांग इसलिए विकलांग व्यक्तियों और उनके पर्यावरण के बीच संबंधों का एक कार्य है। ऐसा तब होता है जब वे सांस्कृतिक, भौतिक या सामाजिक बाधाओं का सामना करते हैं जो अन्य नागरिकों के लिए उपलब्ध समाज की विभिन्न प्रणालियों तक उनकी पहुंच को रोकते हैं। इस प्रकार, बाधा दूसरों के साथ समान स्तर पर समुदाय के जीवन में भाग लेने के अवसरों की हानि या सीमा है।

विकलांग लोग एक सजातीय समूह नहीं बनाते हैं। उदाहरण के लिए, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से मंद, नेत्रहीन, सुनने और बोलने में अक्षम और प्रतिबंधित गतिशीलता वाले या तथाकथित "चिकित्सा अक्षमता" वाले सभी विभिन्न प्रकार की विभिन्न बाधाओं का सामना करते हैं, जिन्हें अलग-अलग तरीकों से दूर करना होगा।[5]

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

निम्नलिखित परिभाषाएँ उस दृष्टिकोण से विकसित की गई हैं। विश्व कार्यक्रम में प्रस्तावित कार्रवाई की प्रासंगिक शर्तों को रोकथाम, पुनर्वास और अवसरों की समानता के रूप में परिभाषित किया गया है।

- रोकथाम का अर्थ मानसिक, शारीरिक और संवेदी हानि (प्राथमिक रोकथाम) की शुरुआत को रोकने या नकारात्मक शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक परिणामों से होने वाली हानि को रोकने के उद्देश्य से है।
- पुनर्वास का अर्थ एक लक्ष्य-उन्मुख और समय-सीमित प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य एक विकलांग व्यक्ति को इष्टतम मानसिक, शारीरिक और/या सामाजिक कार्यात्मक स्तर तक पहुंचने में सक्षम बनाना है, इस प्रकार उसे अपने जीवन को बदलने के लिए उपकरण प्रदान करता है। इसमें कार्य के नुकसान या कार्यात्मक सीमा (उदाहरण के लिए तकनीकी सहायता द्वारा) और सामाजिक समायोजन या पुन: समायोजन की सुविधा के लिए अन्य उपायों की क्षतिपूर्ति के लिए उपाय शामिल हो सकते हैं।
- अवसरों के समानीकरण का अर्थ उस प्रक्रिया से है जिसके माध्यम से समाज की सामान्य प्रणाली, जैसे कि भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण, आवास और परिवहन, सामाजिक और स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षिक और काम के अवसर, खेल और मनोरंजन सुविधाओं सहित सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन को सुलभ बनाया जाता है। सेवा में, सभी ग्।[4]

निवारण

हानि और विकलांगता की घटनाओं को कम करने के लिए रोकथाम की रणनीति आवश्यक है। इस तरह की रणनीति के मुख्य तत्व देश के विकास की स्थिति के अनुसार अलग-अलग होंगे और इस प्रकार हैं:

- हानि की रोकथाम के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपाय हैं: युद्ध से बचाव; सबसे कम विशेषाधिकार प्राप्त समूहों की शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार; परिभाषित भौगोलिक क्षेत्रों के भीतर हानि के प्रकार और उनके कारणों की पहचान; बेहतर पोषण प्रथाओं के माध्यम से विशिष्ट हस्तक्षेप उपायों की शुरूआत; स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शीघ्र पहचान और निदान; प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल; रोगी और चिकित्सक शिक्षा सहित उचित स्वास्थ्य देखभाल निर्देश; परिवार नियोजन; कानून और नियम; जीवन शैली में संशोधन; चुनिंदा प्लेसमेंट सेवाएं; पर्यावरणीय खतरों के बारे में शिक्षा; और बेहतर सूचित और मजबूत परिवारों और समुदायों को बढ़ावा देना;[3]
- जिस हद तक विकास होता है, पुराने खतरे कम होते हैं और नए पैदा होते हैं। इन बदलती परिस्थितियों में रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है, जैसे विटामिन ए की कमी के कारण सबसे अधिक जोखिम वाले विशिष्ट जनसंख्या समूहों पर निर्देशित पोषण हस्तक्षेप कार्यक्रम; उम्र बढ़ने के लिए बेहतर चिकित्सा देखभाल; उद्योगों में, कृषि में, सड़कों पर और घरों में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रशिक्षण और विनियम; और पर्यावरण प्रदूषण और नशीली दवाओं और शराब के उपयोग और दुरुपयोग का नियंत्रण। इस संबंध में, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से वर्ष 2000 तक सभी के लिए स्वास्थ्य के लिए WH0 रणनीति पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए।

विकार के लक्षणों और संकेतों का जल्द से जल्द संभावित पता लगाने के लिए उपाय किए जाने चाहिए, जिसके तुरंत बाद आवश्यक उपचारात्मक या उपचारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए, जो विकलांगता को रोक सकती है या कम से कम विकलांगता की गंभीरता में महत्वपूर्ण कमी ला सकती है और अक्सर इसकी रोकथाम कर सकती है। स्थायी स्थिति बनती जा रही है। प्रारंभिक पहचान के लिए यह महत्वपूर्ण है कि चिकित्सा सामाजिक सेवाओं द्वारा परिवारों की पर्याप्त शिक्षा और अभिविन्यास और उन्हें तकनीकी सहायता सुनिश्चित की जाए।[2]

पुनर्वास

पुनर्वास में आमतौर पर निम्नलिखित प्रकार की सेवाएं शामिल होती हैं:

- प्रारंभिक पहचान, निदान और हस्तक्षेप;
- चिकित्सा देखभाल और उपचार;
- सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और अन्य प्रकार की परामर्श और सहायता;
- गतिशीलता, संचार और दैनिक जीवन कौशल सहित स्व-देखभाल गतिविधियों में प्रशिक्षण, आवश्यकतानुसार विशेष प्रावधानों के साथ, उदाहरण के लिए, श्रवण बाधित, दृष्टिबाधित और मानसिक रूप से मंद लोगों के लिए;
- तकनीकी और गतिशीलता सहायता और अन्य उपकरणों का प्रावधान;
- विशिष्ट शिक्षा सेवाएं;
- व्यावसायिक पुनर्वास सेवाएं (व्यावसायिक मार्गदर्शन सहित), व्यावसायिक प्रशिक्षण, खुले या आश्रित रोजगार में नियुक्ति;
- आगे की कार्रवाई करना।

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

सभी पुनर्वास प्रयासों में व्यक्ति की योग्यताओं पर जोर दिया जाना चाहिए, जिसकी सत्यनिष्ठा और गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए। विकलांग बच्चों के सामान्य विकास और परिपक्वता प्रक्रिया पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। विकलांग वयस्कों की कार्य करने की क्षमता और अन्य गतिविधियों का उपयोग किया जाना चाहिए।[1]

विकलांग व्यक्तियों के परिवारों और उनके समुदायों में पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण संसाधन मौजूद हैं। विकलांग व्यक्तियों की मदद करने में, उनके परिवारों को एक साथ रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने समुदायों में रह सकें और इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे परिवार और सामुदायिक समूहों का समर्थन कर सकें। पुनर्वास और सहायक कार्यक्रमों की योजना बनाने में, परिवार और समुदाय के रीति-रिवाजों और संरचनाओं को ध्यान में रखना और अक्षम व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनकी क्षमताओं को बढ़ावा देना आवश्यक है।

